आकाशवाणी केन्द्र शिमला

10.08.2025 / प्रादेशिक समाचार / 15:00बजे

<u>हर घर तिरंगा</u>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस बात पर प्रसन्नता व्यक्त की है कि हर घर तिरंगा को पूरे भारत में अभूतपूर्व लोकप्रियता मिल रही है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में प्रधानमंत्री ने कहा कि यह भारत के लोगों को एकजुट करने वाली गहरी देशभक्ति की भावना और तिरंगे पर उनके अटूट गर्व को दर्शाता है। उन्होंने लोगों से हर घर तिरंगा डॉट कॉम पोर्टल पर तस्वीरें और सेल्फी साझा करते रहने का आग्रह किया।

<u>अभियान</u>

इस बीच भारतीय जनता पार्टी प्रदेशभर में आज से 15 अगस्त तक हर घर तिरंगा अभियान चला रही है। इस अभियान में सभी वीर योद्धाओं का स्मरण किया जाएगा। भाजपा द्वारा एक सौ 71 संगठनात्मक मंडलों पर तिरंगा यात्राओं का आयोजन भी किया जाएगा।

*<u>भाजपा प्रदेश भर में 10 से 15 अगस्त तक हर घर तिरंगा अभियान चलाएगी इस अभियान में सभी वीर योद्धाओं का स्मरण किया जाएगा 10 अगस्त को भाजपा संगठन आत्मक 171 मंडलों पर तिरंगा यात्राओं का आयोजन करेगी 12 व 13 अगस्त को प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में शहीदी स्मारकों पर स्वच्छता अभियान के कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा इसी तरह से 14 अगस्त को विभाजन भविष्य का समृद्धि दिवस का आयोजन किया जाएगा जबकि 15 अगस्त को हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत सभी भाजपा पार्टी कार्यालयों व सार्वजनिक स्थानों पर सामूहिक रूप से तिरंगा फहराया जाएगा इसी दिन वृक्षारोपण के कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे</u>*

*आकाशवाणी समाचार के लिए शिमला से योगराज शर्मा*

<u>पौधरोपण</u>

ऊना ज़िले में इस वर्ष 50 हैक्टेयर भूमि पर करीब 2 लाख 78 हजार पौधे लगाने का लक्ष्य रखा गया है। इनमें औषधीय और फलदार दोनों तरह के पौधे शामिल हैं। ये जानकारी उप–मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने आज हरोली में 76वें ज़िलास्तरीय वन महोत्सव के दौरान दी। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण आज के समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है और इसमें पेड़–पौधों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। अग्निहोत्री ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को अपने आस–पास अधिक से अधिक पौधे लगाकर आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ और सुरक्षित वातावरण सुनिश्चित बनाने की ज़रूरत है।

<u>सांसद फ्लैट</u>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल नई दिल्ली में सांसदों के लिए नवनिर्मित एक सौ 84 टाइप–7 बहुमंजिला फ्लैटों का उद्‌घाटन करेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय ने एक बयान में कहा कि प्रत्येक आवासीय इकाई में लगभग पांच हज़ार वर्ग फुटक्षेत्र है, जो आवासीय और आधिकारिक दोनों प्रकार के कार्यों के लिए पर्याप्त जगह प्रदान करता है। परिसर के भीतर सभी इमारतों का निर्माण आधुनिक संरचनात्मक डिज़ाइन मानदंडों के अनुसार भूकंपरोधी बनाया गया है। सभी

निवासियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए एक व्यापक और मज़बूत सुरक्षा प्रणाली लागू की गई है।

मौसम

प्रदेश में पिछले 24 घंटों में भारी वर्षा से सामान्य जनजीवन प्रभावित हुआ है और कई स्थानों पर भूस्खलन की घटनाएं हुई हैं। राजधानी शिमला सहित प्रदेश के अनेक भागों में आज धुंध के बीच घने बादल छाए हुए है। मौसम विभाग ने अगले 24 घंटों में ऊना, बिलासपुर, हमीरपुर, कांगड़ा, मंडी, शिमला, सोलन व सिरमौर जिला में भारी बारिश का यलो अलर्ट जारी किया है। वहीं 11 से 14 अगस्त तक राज्य में मॉनसून की वर्षा में वृद्धि देखने को मिलेगी। इस अवधि में राज्य के विभिन्न स्थानों पर भारी से बहुत भारी वर्षा का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है ।

*हिमाचल प्रदेश में पहली जून से अब तक मॉनसून के दौरान सामान्य से 13 फीसदी अधिक वर्षा दर्ज की गई है। लाहौल स्पीति और कांगड़ा ज़िले को छोड़कर अन्य सभी ज़िलो में जमकर मेघ बरसे हैं और ऊना ज़िले में एक सौ 38 फीसदी ज्यादा वर्षा हुई है। प्रदेशभर में वर्षा से जुड़ी दुर्घटनाओं में मरने वालों की संख्या बढ़कर दो सौ 19 हो गई है, जबकि 37 लोग लापता हैं। इसके अलावा 3 सौ 62 सड़कें और 6 सौ 13 बिजली ट्रांसफार्मर भी बाधित हैं। पिछले 24 घंटों में बिलासपुर ज़िले के श्री नैना देवी में सर्वाधिक एक सौ 10 मिलीमीटर वर्षा रिकार्ड की गई। अगले चार– पांच दिन भी मॉनसून के कड़े तेवर देखने को मिलेंगे क्योंकि मौसम विभाग ने 15 अगस्त तक राज्य में भारी वर्षा का यलो अलर्ट जारी किया है।*

*रितेश कपूर आकाशवाणी समाचार शिमला।*

मंडी–मौसम

मंडी ज़िले में 11 से 14 अगस्त तक भारी वर्षा के पूर्वानुमान को देखते हुए प्रशासन अलर्ट मोड़ पर है। ज़िला प्रशासन के अनुसार मौसम के संभावित प्रभाव से निपटने के लिए तैयारी पूरी कर ली गई है। उपायुक्त अपूर्व देवगन ने बताया कि आपदा की स्थिति में त्वरित राहत व बचाव कार्य सुनिश्चित करने के लिए सभी विभागों को निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने लोगों से भी एहतियात बरतने और प्रशासन द्वारा समय–समय पर जारी की जा रही सलाह का पालन करने की अपील की है।